NZCC, PATIALA

Ministry of Culture
Government of India
सत्यमेव जयते

वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2024-2025

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, पटियाला

North Zone Cultural Centre, Patiala

वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2024-2025

NZCC, PATIALA

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, पटियाला
North Zone Cultural Centre, Patiala

अनुक्रमणिका

क्र.स.	विवरण	पृष्ठ संख्या
1	परिचय	3-4
2	उद्देश्य	5
3	सांगठिक प्रारूप	6-7
4	कॉरपस निधि	8
5	वर्ष **2024-25** के दौरान गतिविधियां	9-24
6	गुरु-शिष्य परम्परा योजना	25-26
7	अभिलेखन एवं प्रकाशन	27
8	कलाग्राम	28
9	वार्षिक लेखा विवरण- **2024-25**	29-33
10	ऑडिट प्रमाण पत्र/ऑडिट रिपोर्ट	34-39
	उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा आयोजित प्रमुख गतिविधियों की कुछ झलकियां	41-48

English Version

1	Index	49
2	Contents	51-92

1. उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र– एक परिचय

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र– भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के स्वतंत्र प्रभार उपक्रम का उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा नवम्बर 1985 में किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य जम्मू–कश्मीर, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, उत्तराखण्ड राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की विभिन्न एवं अद्वितीय कलाओं को सहेजना, विकास एवं विस्तार करना और उसे अभिन्न रूप प्रदान करना है। देश की विशाल एवं विभिन्न संस्कृतियों जैसे संगीत, नाटक, साहित्य, ललित कला–चित्रकलाएँ, सूक्ष्म चित्रकला, लेखन, मूर्तिकला एवं शिल्पकला के अतिरिक्त भी अन्य कलाओं आदि के संयोजन एवं पुनर्जीवित करने, स्तरीय निर्माण करने, विकसित एवं विस्तृत करने, लोकप्रिय बनाने और परस्पर समस्त भारतवर्ष में विस्तार के प्रयास हेतु इस केन्द्र की स्थापना की गई थी, ताकि कला के विभिन्न स्वरूपों को सामूहिक प्रयास द्वारा भारत की सांस्कृतिक विरासत के रूप में एक मिश्रित पहचान दी जा सके।

इस केन्द्र का पंजीकरण एक संस्था के रूप में पंजीकरण समिति के अधिनियम 1860 के अधीन करवाया गया। भारत सरकार का संस्कृति मंत्रालय ही इसका मुख्य संचालक है जिसके सहयोग एवं दिशा–निर्देशानुसार यह केन्द्र कार्यरत रहता है। इस केन्द्र की शासकीय सभा के अध्यक्ष महामहिम राज्यपाल, पंजाब हैं।

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा उद्देश्यों की पूर्ति हेतु की जा रही गतिविधियाँः–

- अपने उद्देश्य की पूर्ति हेतू उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने वृहत् संख्या में अनेक गतिविधियों का संचालन किया है जैसे कि मेले व त्योहारों, पेंटिग–शिविरों, रंगमंच कार्यशालाओं, लोक–नृत्यों की कार्यशालाएं, लोक गीत–संगीत, लोक वाद्यों, लोक नृत्य/संगीत, चित्रकला एवं रंगमंच में बच्चों विशेषतः मलिन क्षेत्रों के बच्चों की कार्यशालाओं आदि का आयोजन। प्रत्येक वर्ष ग्रामीण क्षेत्रों, सैनिक छावनी क्षेत्रों, शैक्षणिक संस्थानों, सीमांत क्षेत्रों, क्षेत्र के सदस्य राज्यों के उपमंडल/ज़िला/राज्य मुख्यालयों पर उच्चस्तरीय प्रस्तुतियों पर बल दिया जाता है। इस केन्द्र ने प्रलेखन के रूप में विभिन्न कलाओं का निरूपण भी किया है। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने न केवल राष्ट्र स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक आदान–प्रदान कार्यक्रमों के अर्न्तगत विदेशों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया है।

- कुछ विख्यात मेलों व तीज–त्योहारों जिनमें उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने लगातार अपनी प्रतिभागिता करते हुए लोक नृत्य, लोक गीत एवं संगीत का प्रदर्शन किया है जैसे – 'सिंधु दर्शन उत्सव', लेह–लद्दाख (जम्मू–कश्मीर); 'विरासत लोकगीत और विरासत महोत्सव', देहरादून (उत्तराखंड); 'शुलिनी मेला', सोलन (हिमाचल प्रदेश); 'आम मेला', पिंजौर (हरियाणा); 'तीज महोत्सव', चंडीगढ़; 'अंतर्राष्ट्रीय मिंजर मेला', चंबा (हिमाचल प्रदेश); 'जनजातीय उत्सव', कीलॉन्ग (हिमाचल प्रदेश); 'बाबा शेख फरीद अगमान पर्ब', फरीदकोट (पंजाब); 'ब्रारा महोत्सव' ब्रारा (हरियाणा); 'अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा',

कुल्लू (हिमाचल प्रदेश); 'चंडीगढ़ कार्निवल', चंडीगढ़; 'किन्नौर महोत्सव', रिकोंग पीओ (हिमाचल प्रदेश);'अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव', कुरुक्षेत्र (हरियाणा); 'हरिवल्लभ संगीत सम्मेलन', जलंधर (पंजाब); 'उत्तराणी मेला', बागेश्वर (उत्तराखंड); 'सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला', सूरजकुंड (हरियाणा); 'लोकनुरंजन मेला', जोधपुर (राजस्थान); 'शिवरात्रि महोत्सव', बैजनाथ और मंडी (हिमाचल प्रदेश); में 'किसान मेला', लुधियाना (पंजाब); 'गुलाब महोत्सव', चंडीगढ़ ; 'होली महोत्सव', पालमपुर (हिमाचल प्रदेश) आदि।

- भारत सरकार के संस्कृतिक विभाग ने 'गुरू–शिष्य परम्परा योजना' का आरम्भ क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों के माध्यम से किया ताकि लुप्तप्रायः एवं दुर्लभ शास्त्रीय व लोक/जनजाति कलाओं को संरक्षित व विकसित किया जा सके और युवा वर्ग कला के वांछित क्षेत्र को क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों की छात्रवृत्ति से सम्बन्धित क्षेत्र के विशेषज्ञ एवं निपुण व्यक्तित्वों से शिक्षा ग्रहण कर सकें और युवा प्रतिभा को पोषण हो सके।

अभिलेखन एवं प्रकाशन

- उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने अभिलेखन के क्षेत्र में उत्तम कार्य किया है। पारम्परिक कलाओं यथा लोक रंगमंच, लोक संगीत एवं वाद्ययंत्रों की लुप्तता के दृष्टिगत मानव विज्ञानियों, संगीतकारों एवं अन्य व्यवसायिक विशेषज्ञों की सहायता से अभिलेखन करवा उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने श्रवण–दृष्टि अभिलेखन करवाया। केन्द्र के पास 200 से अधिक चल चित्रों का संकलन है जिनमें विशिष्ट मेलों, समारोहों, शिल्प मेलों, लोक कलाओं, लोक वाद्यों, विशिष्ट विभूतियों, संग्रहालयों, मंदिरों, कला प्रदर्शनियों के अतिरिक्त ग्रामीण जीवन पद्धतियों के स्वरूप आदि का विशेष संकलन उपलब्ध है।

- इसके अतिरिक्त केन्द्र द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक पहलुओं पर भी क्षेत्रीय भाषाओं में विद्वानों से लेखन कार्य भी करवाया गया है।

- वर्षों से उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र विविध कार्यक्रमों/गतिविधियों को आयोजित करता आ रहा है जिसमें लोक कला व संस्कृति की सभी विधाओं जैसे – मेले व उत्सव, रंगमंच उत्सव व कार्यशालाएँ, चित्रविद्या शिविर व प्रदर्शनियाँ, लोक नृत्य/संगीत/वाद्य/गायन पर कार्यशालाएँ आदि। ये कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों, सैनिक छावनी क्षेत्रों, शैक्षिणिक संस्थाओं, सीमावर्ती ज़िलों, सुदूर क्षेत्रों और केन्द्र से सम्बद्ध राज्यों के उपमंडल/ज़िला/राज्य मुख्यालयों पर आयोजित किए गए हैं।

2. उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के उद्देश्य

(क) उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र में सम्मिलित राज्यों जम्मू व कश्मीर, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान एवं केन्द्र शासित प्रदेश चण्डीगढ़ की कलाओं – संगीत, नाटक, ललित कला (चित्रकला, मूर्तिकला, ग्राफिक्स, छायाकारी, मृत्तिका पात्र निर्माण एवं ललित कला से सम्बन्धित अन्य कलाएँ) को संरक्षण, विकास व प्रोत्साहन प्रदान करना केन्द्र का मुख्य उद्देश्य है। क्षेत्र के लोगों की चेतना की वृद्धि एवं विकास प्रदान करना तथा अपनी सांस्कृतिक धरोहर के प्रति सजग करना इस केन्द्र का मुख्य ध्येय है।

(ख) उन कार्यक्रमों व क्रियाओं को विशेष प्रोत्साहन देना जिन से विभिन्न क्षेत्रों की मिश्रित सांस्कृतिक विरासत को अधिक शक्ति मिले।

(ग) लोक व जनजाति कलाओं को प्रोत्साहन देने के लिए विशेष प्रयास करना एवं लुप्त हो रही कलाओं के संरक्षण के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित करना।

(घ) ऐसे कार्यक्रम तैयार करना जिससे राज्य/क्षेत्र के युवा देश के अन्य भागों के युवाओं के साथ भारत की संस्कृतिक विरासत से सम्बन्धित विचार गोष्ठियों, परस्पर आदान–प्रदान संस्कृति एवं कार्यशालाओं के माध्यम से एक दूसरे से सांस्कृतिक संवाद स्थापित कर जुड़ा हुआ अनुभव कर सके।

(च) ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करना जिनसे अंतर्राज्यीय सांस्कृतिक सम्बन्धों को सुदृढ़ता एवं प्रोत्साहन मिले। जिसके लिए केन्द्र द्वारा उपकेन्द्र स्थापित करना भी शामिल हैं।

(छ) उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र का व्यवस्थापन, नियन्त्रण, एवं प्रबन्धन तथा चल–अचल सम्पदा का रख–रखाव।

(ज) अपनी सांस्कृतिक धरोहर से सम्बन्धित शोध–कार्यों व शैक्षिक कार्यों हेतु छात्रवृत्तियाँ व शिक्षावृत्तियाँ अनुदानित करना।

3. सांगठनिक प्रारूपः

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के प्राधिकारी इस प्रकार हैं:

(क) शासक मंडल
(ख) कार्यकारी मंडल
(ग) वित्त समिति
(घ) कार्यक्रम समिति

शासक मंडल की संरचनाः

शासक मंडल में निम्नलिखित सदस्य शामिल होंगे–

I. अध्यक्ष –पंजाब के राज्यपाल।
II. सभी सदस्य राज्यों के संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव या सचिव।
III. सचिव या उनका प्रतिनिधि, जो संयुक्त सचिव स्तर से नीचे का न हो, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों से संबंधित।
IV. वित्तीय सलाहकार या उनका नामित (उप सचिव के पद से नीचे नहीं),संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार।
V. संयुक्त सचिव या उनका नामित (उप सचिव के पद से नीचे नहीं), जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार।
VI. प्रत्येक सदस्य राज्य से लोक/जनजातीय कला संस्कृति के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित विशेषज्ञ को माननीय संस्कृति मंत्री, भारत सरकार द्वारा नामित किया जाएगा।
VII. सदस्य राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों के निदेशक, हथकरघा/हस्तशिल्प।
VIII. महानिदेशक या उनके नामित (भारत सरकार के उप सचिव के पद से नीचे नहीं), भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण;
IX. सोसायटी के निदेशक–सदस्य सचिव।

कार्यकारी मंडल की संरचनाः

कार्यकारी मंडल में निम्नलिखित सदस्य शामिल होंगे–

1. अध्यक्ष –संयुक्त सचिव,संस्कृति मंत्रालय में क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्रों से संबंधित;
2. सदस्यः
   I. सदस्य राज्यों के संस्कृति सचिव;
   II. निदेशक/उपसचिव (आईएफडी) या प्रतिनिधि, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार;
   III. सोसायटी के निदेशक–सदस्य सचिव।

वित्त समिति की संरचनाः

वित्त समिति में निम्न लिखित सदस्य शामिल होंगे–

1. अध्यक्ष –वित्तीय सलाहकार या क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों (जेडसीसी) से संबंधित संयुक्त सचिव संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार;
2. सदस्य –
   - i. सचिव या उनके नामिती सदस्य राज्यों/संघराज्य क्षेत्रों के सांस्कृति के मामलों के विभाग के निदेशक के पद से नीचे नहीं;
   - ii. निदेशक/उपसचिव/अवर सचिव जो संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार में क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों से संबंधित;
   - iii. निदेशक (एफ)/उप सचिव(एफ) या उनके प्रतिनिधि, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार।
   - iv. 3.सदस्य सचिव–केन्द्र के निदेशक।

कार्यक्रम समिति की संरचनाः

कार्यक्रम समिति में निम्नलिखित सदस्य शामिल होंगे–

1. अध्यक्ष – एक सदस्य राज्य के सचिव (संस्कृति) रोटेशन के आधार पर, वर्णानुक्रम में, 2 साल की अवधि के लिए;
2. सदस्य–
   - I. प्रत्येक केंद्रीय अकादमी का एक नामांकित व्यक्ति (ललित कला अकादमी, संगीत नाटक अकादमी और साहित्य अकादमी) राज्य अकादमि यां इन अकादमियों द्वारा नामित की जाएंगी;
   - II. सदस्य राज्यों की कला परिषदों या राज्य अकादमियों के अध्यक्ष;
   - III. प्रत्येक सदस्य राज्य के सांस्कृतिक मामलों के विभाग का एक नामित, उप सचिव के पद से नीचे का नहीं;
   - IV. सदस्य राज्य द्वारा नामित प्रत्येक राज्य से लोक/जनजातीय कला के क्षेत्र से एक प्रतिष्ठित कला व्यक्तित्व;
   - V. संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार में क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्रों से संबंधित निदेशक/उपसचिव/अवर सचिव।
   - VI. सदस्य–सचिव –केन्द्र के निदेशक।

4. कॉरपस निधि

लक्ष्यों को पूरा करने के लिए भारत सरकार एवं सदस्य राज्यों के अनुदान द्वारा एक कॉरपस निधि बनाई गई है जिसका पूर्ण विवरण निम्न हैः–

क्रमांक	विवरण	कॉरपस निधि 31-03-2025 तक (लाख रूपयों में)
1.	भारत सरकार	₹. 2000.00
2.	पंजाब	₹. 200.00
3.	हरियाणा	₹. 200.00
4.	हिमाचल प्रदेश	₹. 200.00
5.	राजस्थान	₹. 200.00
6.	उत्तराखण्ड	₹. 200.00
7.	चण्डीगढ़ (यू.टी.)	₹. 200.00
8.	जम्मू एवं कश्मीर	₹. 200.00
9.	लद्दाख	₹. 200.00
	कुल	₹. **3600.00**

कॉरपस निधि :	**₹. 3600.00**
स्वयं के स्रोतों / रिजर्व फंड से राजस्व :	**₹. 1460.00**
कुल योग :	**₹. 5060.00**

यह रु 5060.00 लाख की पूरी राशि विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंकों में निवेशित है। इस निवेश से वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान प्राप्त राजस्व ब्याज रु 366.00 लाख है।

5. वर्ष 2024–25 के दौरान गतिविधियाँ:

वर्ष 2024–25 के दौरान, उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, पटियाला ने कला और संस्कृति के सभी पहलुओं जैसे मेलों और त्योहारों, थिएटर कार्यशालाओं, लोक नृत्यों पर कार्यशालाओं आदि को कवर करने वाले विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन ज़ोन के सदस्य राज्यों के साथ–साथ भारत के अन्य राज्यों के विभिन्न स्थानों पर किया। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सभी क्षेत्रों के लाखों लोगों – ज्यादातर आम लोगों – ने केन्द्र द्वारा आयोजित सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देखीं।

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, पटियाला द्वारा वर्ष 2024–25 के दौरान स्वयं या दूसरों के सहयोग से आयोजित की गई कुछ प्रमुख सांस्कृतिक गतिविधियाँ विशेष उल्लेख के योग्य हैं:

(क) प्रमुख कार्यक्रम/सांस्कृतिक समारोह:

- **'सिंधु दर्शन महोत्सव–2024' लेह, यू.टी. लद्दाख के साथ ही 'सांस्कृतिक यात्रा–2024' 16 से 30 जून, 2024 तक:**

  उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने सिंधु दर्शन यात्रा समिति, दिल्ली के सहयोग से 'सिंधु दर्शन महोत्सव–2024' का आयोजन लेह (यूटी लद्दाख) में 23 से 26 जून, 2024 तक किया तथा साथ ही 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत एक अनूठी 'सांस्कृतिक यात्रा–2024' का आयोजन 16 से 30 जून, 2024 तक किया जिसमें भारत के सभी सांस्कृतिक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले लोक कलाकार/लोक गायक और वादक शामिल थे। कलाकारों ने पंजाब, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू एवं कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान 16 से 30 जून, 2024 तक पठानकोट (पंजाब); उधमपुर, पाटन, श्रीनगर (यू.टी. जम्मू एवं कश्मीर); कारगिल, लेह (यू.टी. लद्दाख); किलांग एवं मंडी (हिमाचल प्रदेश) में प्रस्तुतियां दीं। उक्त कार्यक्रम के दौरान पूरे भारत से हजारों लोगों ने उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, पटियाला द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को देखा और उनकी सराहना की।

- **'हर घर तिरंगा अभियान' 9 से 15 अगस्त, 2024 तक:**

  'हर घर तिरंगा' आज़ादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में शुरू किया गया एक अभियान है जिसका उद्देश्य लोगों को तिरंगा घर लाने और भारत की आज़ादी के उपलक्ष्य में उसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस पहल का उद्देश्य लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। संस्कृति मंत्रालय, हर घर तिरंगा के लिए नोडल मंत्रालय है। इस अभियान के तहत, एनजेडसीसी ने अपने सदस्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेश के क्षेत्रों जैसे अमृतसर, बठिंडा, बरनाला, पटियाला, गुरदासपुर, मानसा, संगरूर, फाज़िल्का (पंजाब); शिमला (हिमाचल प्रदेश); श्रीनगर और उसके आसपास के क्षेत्र (केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर); लेह (केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख) में विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम और तिरंगा यात्रा/रैली का आयोजन किया। हर घर तिरंगा एक जन आंदोलन बन गया है। देश भर में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने एनजेडसीसी द्वारा आयोजित कार्यक्रमों और समारोहों में भाग लेकर इस विचार को अपनाया है और अपना गर्मजोशी और समर्थन दिया है।

- **‘बाबा शेख फरीद आगमन पर्व–2024’ फरीदकोट, पंजाब में 19 से 23 सितंबर, 2024 तक:**

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने जिला प्रशासन, फरीदकोट के सहयोग से ‘बाबा शेख फरीद आगमन पर्व–2024’ का आयोजन फरीदकोट में 19 से 23 सितंबर, 2024 तक किया, जिसमें विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों जैसे कि छपेली/घसियारी (उत्तराखंड); घूमर/फाग/खोडिया/लूर/पनिहारी (हरियाणा); पुंग/ढोल चोलम, थांगटा, लाई हरोबा (मणिपुर); चकरी (राजस्थान); कायद, बा–कायद, होरिम–फ़ोह, फुकनाटी नृत्य (हिमाचल प्रदेश) के साथ–साथ दिन के कलाकारों नट, बहरूपिया (राजस्थान); नच्चार (पंजाब) द्वारा प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों की सभी ने सराहना की।

- **लोक विरासत’– लुप्त होती कलाओं का उत्सव 2 अक्टूबर से 26 नवंबर, 2024 तक:**

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार, उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र (एनजेडसीसी), पटियाला ने अपने सदस्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के संभागीय मुख्यालयों – कालीदास सभागार, विरसा विहार केंद्र, पटियाला; फरीदकोट, फिरोजपुर और जालंधर (पंजाब); मंडी, शिमला और कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश); लेह और बोधखारबू, कारगिल (केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख); जम्मू और श्रीनगर (केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर); अंबाला कैंट; करनाल; हिसार; रोहतक और महेंद्रगढ़ (हरियाणा) पर एक संभाग स्तरीय उत्सव – ‘लोक विरासत– – लुप्त होती कलाओं का उत्सव का आयोजन 2 अक्टूबर से 26 नवंबर, 2024 तक किया, जिसका उद्देश्य लुप्त होती जा रहीं लोक कलाओं के संरक्षण और पुनरुद्धार था। इसके अतिरिक्त, पंजाब में लुप्त हो रहे लोक रंगमंच ‘नक्काल’ और लोक गायन – ‘दाड़ी गायन’ पर कार्यशालाएँ तथा हिमाचल प्रदेश के मंडी में लुप्त हो रहे लोक/आदिवासी नृत्य ‘चरकटी लोक नृत्य कार्यशाला’; सिरमौर में ‘भरालटू और सिंहटू/डग्याली लोक/आदिवासी नृत्य कार्यशाला’; तथा कांगड़ा में ‘झमाकड़ा लोक नृत्य कार्यशाला’ आयोजित कीं। इस उत्सव के हिस्से के रूप में, एनजेडसीसी ने समाना और गांव नवांगांव, जिला पटियाला (पंजाब) में लुप्त हो रहे शिल्प – फुलकारी कढ़ाई और दरी बुनाई पर कार्यशालाएँ भी आयोजित कीं।

- **‘14वां चंडीगढ़ राष्ट्रीय शिल्प मेला’ 29 नवंबर से 8 दिसंबर, 2024 तक कलाग्राम, चंडीगढ़ में:**

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने यू.टी. प्रशासन, चंडीगढ़ के सहयोग से कलाग्राम, चंडीगढ़ में ‘14वें चंडीगढ़ राष्ट्रीय शिल्प मेला’ का आयोजन 29 नवबंर से 8 दिसंबर, 2024 तक किया। लगभग 200 राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता/राष्ट्रीय योग्यता प्रमाणपत्र पुरस्कार विजेता/राज्य पुरस्कार विजेता और सभी सांस्कृतिक क्षेत्रों के अन्य शिल्पकार उक्त मेले के दौरान देश के विभिन्न क्षेत्रों ने हस्तशिल्प/हथकरघा का प्रदर्शन किया।देश के सभी सांस्कृतिक क्षेत्रों से लगभग 550 लोक नृत्य/लोक गायन कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। इसके अलावा, शिल्प मेले का मुख्य आकर्षण मुख्य मंच पर मुख्य सांस्कृतिक संध्याएँ थीं, जैसे एक कोरियोग्राफ़ड शो; कंवर ग्रेवाल;

गुरनाम भुल्लर; कुलविंदर बिल्ला; फ़िरोज़ खान; हरभजन मान द्वारा सूफी/लोक गायन; पद्मश्री सुरेश वाडकर और अमित कुमार द्वारा बॉलीवुड गायन; गीता भारद्वाज और काकू राम ठाकुर द्वारा हिमाचली लोक गायन; इंदर आर्य द्वारा उत्तराखंड का लोक गायन; गुलज़ार अहमद गनाई द्वारा सूफ़ी/कश्मीरी लोक गायन; और चमन लेहरी आदि द्वारा डोगरी लोक गायन प्रस्तुतियां इत्यादि। सभी ने इन प्रस्तुतियों की भूरि–भूरि सराहना की। शिल्प मेले को प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से कवर किया गया।

- **'अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव–2024' कुरूक्षेत्र, हरियाणा में 28 नवंबर से 15 दिसंबर, 2024 तक:**

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने हरियाणा सरकार और कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड सहयोग से 'अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव–2024' का आयोजन कुरूक्षेत्र में 28 नवंबर से 15 दिसंबर, 2024 तक किया। महोत्सव का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक संध्याएं थीं, जिनमें पद्मश्री हंस राज हंस द्वारा सूफी गायन, मुंबई से कविता पौडवाल द्वारा भजन गायन और दिल्ली से 'रघुकुल नायक श्री राम' नाटक की प्रस्तुति शामिल थी। 28 नवंबर से 15 दिसंबर, 2024 तक ब्रह्मसरोवर परिसर में एक भव्य शिल्प मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें देश के सभी सांस्कृतिक क्षेत्रों के 200 राष्ट्रीय पुरस्कार विजेताओं/राष्ट्रीय योग्यता प्रमाणपत्र पुरस्कार विजेताओं/राज्य पुरस्कार विजेताओं और अन्य शिल्पकारों ने हस्तशिल्प/हथकरघा का प्रदर्शन किया। शिल्प मेले के दौरान भारत के विभिन्न क्षेत्रों के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी आयोजित की गईं। मेले को लाखों लोग ने देखा। महोत्सव को प्रशंसनीय प्रेस समीक्षाएँ मिलीं।

- **द्वितीय संस्करण 'पटियाला संगीत समारोह' विरसा विहार केन्द्र, पटियाला में 18 से 22 दिसंबर, 2024 तक:**

उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र ने पटियाला घराने की समृद्ध और जीवंत सदियों पुरानी संगीत विरासत को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से कालिदास ऑडिटोरियम, विरसा विहार केन्द्र, पटियाला में 'पटियाला संगीत समारोह' के द्वितीय संस्करण का आयोजन 18 से 22 दिसंबर, 2024 तक किया। प्रसिद्ध शास्त्रीय प्रतिपादक जैसे कि शांतनु भट्टाचार्य (गायन); तन्मय देवचाके (हारमोनियम); पं. राजेंद्र प्रसन्ना (बांसुरी); डॉ. अलंकार सिंह (गायन); गुंजन चन्ना (गायन); पं. उदय कुमार मल्लिक (गायन); रोंकिनी गुप्ता (गायन); विदुषी अनुपमा भागवत (सितार); और सौरभ वशिष्ठ (गायन) ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस समारोह को प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से कवर किया गया।

- **'भारत पर्व' लाल किला, नई दिल्ली में 26 से 31 जनवरी, 2025 तक:**

पर्यटन मंत्रालय और संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार ने संयुक्त रूप से गणतंत्र दिवस समारोह–2025 के हिस्से के रूप में 'भारत पर्व' का आयोजन लाल किले के सामने के लॉन, नई दिल्ली में 23 से 31 जनवरी, 2024 तक किया। उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, पटियाला को उक्त

समारोह के लिए नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया था। केन्द्र ने उद्घाटन और समापन अवसर पर देश के 22–23 विभिन्न राज्यों से लगभग 250–300 लोक/जनजातीय नृत्यों और संगीत से युक्त शानदार कोरियोग्राफड प्रस्तुतियां दीं। इसके अलावा, पर्व का मुख्य आकर्षण मुख्य मंच पर प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक संध्याएँ – उप्रेती बहनों द्वारा उत्तराखंड का लोक गायन; हरभजन मान द्वारा पंजाबी लोक गायन; सलमान अली एवं समूह, मुंबई द्वारा बॉलीवुड गायन; नागालैंड के नॉर्थ–ईस्ट बैंड डिवाइन कनेक्शन्स द्वारा लोक गायन; और पद्मश्री मालिनी अवस्थी द्वारा लोक/भक्ति/देशभक्ति गायन आदि की प्रस्तुतियां रहीं। इन प्रस्तुतियों की सभी ने सराहना की। इस महोत्सव का पूरा खर्च पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वहन किया गया।

- **'महाकुंभ–2025' प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में 12 जनवरी से 26 फ़रवरी, 2025 तक:**

संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार ने कलाग्राम, सेक्टर 7, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में 'महाकुंभ–2025' के दौरान भव्य और प्रतिष्ठित सांस्कृतिक समारोहों का आयोजन 12 जनवरी से 26 फ़रवरी, 2025 तक किया। एनसीजेडसीसी, प्रयागराज इस महोत्सव के आयोजन के लिए नोडल जेडसीसी था। मुख्य प्रवेश/निकास द्वार, मंच और जीवंत वातावरण का कलात्मक और प्रभावशाली डिज़ाइन आयोजन स्थल पर तैयार किया गया था। सभी जेडसीसी के लोक चित्रकारों ने शिल्प आँगन की दीवारों पर विभिन्न लोक रूपांकनों को चित्रित करके इसे और अधिक आकर्षक और रंगीन बनाने के लिए दिन–रात काम किया। कुंभ से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करते हुए सात द्वार प्रत्येक जेडसीसी के लिए बनाए गए थे। अन्य जेडसीसी की तरह, एनजेडसीसी ने भी लोक कलाकारों/शिल्पकारों/पेंटिंग कलाकारों और पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल प्रायोजित करके इसमें भाग लिया। इस महोत्सव को व्यापक रूप से देखा गया और सभी क्षेत्रों के लोगों ने इसकी प्रशंसा की तथा सभी ने संस्कृति मंत्रालय द्वारा किए गए प्रयासों की भूरि–भूरि सराहना की।

(ख) आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमः

क्र. सं.	कार्यक्रम	स्थान एवं तिथि
1.	एनजेडसीसी ने अपने सदस्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के विभिन्न स्थानों पर आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में 'हर घर तिरंगा अभियान' के हिस्से के रूप में सांस्कृतिक कार्यक्रम और तिरंगा यात्राएं/रैलियां आयोजित कीं अमृतसर, बठिंडा, बरनाला, पटियाला, गुरदासपुर, मानसा, संगरूर, फाजिल्का (पंजाब); शिमला (हिमाचल प्रदेश); श्रीनगर और इसके आसपास के क्षेत्र (यू.टी. जम्मू–कश्मीर); लेह (यू.टी. लद्दाख) में 9 से 15 अगस्त, 2024 तक	अमृतसर, बठिंडा, बरनाला, पटियाला, गुरदासपुर, मानसा, संगरूर, फाजिल्का (पंजाब); शिमला (हिमाचल प्रदेश); श्रीनगर और इसके आसपास के क्षेत्र (यू.टी. जम्मू–कश्मीर); लेह (यू.टी. लद्दाख) में 9 से 15 अगस्त, 2024 तक

(ग) उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र द्वारा आयोजित अन्य कार्यक्रमः

	क्र. सं. कार्यक्रम	तिथि
1.	एनजेडसीसी द्वारा निःशुल्क 'शास्त्रीय संगीत कार्यशाला' का आयोजन नियमित रूप से पूरे वर्ष विरसा विहार केन्द्र, पटियाला में बच्चों/छात्रों के लिए किया गया	01/04/2024 से 31/03/2025
2.	एनजेडसीसी द्वारा 'गुजरात एवं महाराष्ट्र दिवस' के अवसर पर पंजाब राजभवन, चंडीगढ़ में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक नृत्य – लेज़िम, लावणी (महाराष्ट्र); तलवार रास, राठवा, टिप्पणी (गुजरात) प्रस्तुत किए	01/05/2024
3.	एनजेडसीसी ने उत्तराखंड के बद्रीनाथ मंदिर और उसके आसपास की दीवारों पर 'स्कंद पुराण' विषय पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय और उत्तराखंड सरकार द्वारा आयोजित 'चित्रकला कार्यशाला' में भाग लिया	02–09/05/2024
4.	एनजेडसीसी ने बद्रीनाथ सेवा समिति के सहयोग से बहादुरगढ़, पटियाला, पंजाब में अक्षय तृतीया की पूर्व संध्या पर 'सतुवा तीज मेले' के दौरान पूनम दीदी बरसानेवाली की भजन संध्या प्रस्तुत की	09/05/2024
5.	एनजेडसीसी ने स्कूली बच्चों के लिए 'ग्रीष्मकालीन कार्यशाला–2024' का रंगमंच, क्ले मॉडलिंग और पंजाब, राजस्थान, उत्तराखंड और केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर के लोक नृत्यों का आयोजन कलाग्राम, चंडीगढ़ में किया	01–30/06/2024
6.	एनजेडसीसी ने द इंडियन अकादमी ऑफ फाईन आर्ट्स द्वारा अमृतसर, पंजाब में आयोजित '11वें ग्रीष्मकालीन कला शिविर' के दौरान चित्रकला, रेखाचित्र, सुलेख, चित्रांकन और मिट्टी की कलाकृतियों पर कार्यशालाएँ प्रायोजित कीं	01–30/06/2024
7.	एनजेडसीसी ने पंजाबी लोक नृत्य झूमर की 'ग्रीष्मकालीन कार्यशाला' का आयोजन एस.डी. मेमोरियल पब्लिक स्कूल, फाज़िल्का, पंजाब में किया	01–15/06/2024
8.	एनजेडसीसी ने स्कूली बच्चों के लिए 'ग्रीष्मकालीन कार्यशाला–2024' का रंगमंच, चित्रकला और लोक नृत्य भांगड़ा और गिद्दा में आयोजन विरसा विहार केन्द्र, पटियाला, पंजाब में किया	06–20/06/2024

	क्र. सं. कार्यक्रम	तिथि
9.	एनजेडसीसी ने अनाथ बच्चों के लिए पंद्रह दिवसीय 'कला एवं शिल्प कार्यशाला' का आयोजन माता गुजरी ट्रस्ट, पटियाला, पंजाब में किया	07–21 / 06 / 2024
10.	एनजेडसीसी ने सैन्य कर्मियों के बच्चों के लिए 'ग्रीष्मकालीन कार्यशाला – उमंग' के दौरान मिट्टी के बर्तनों और कठपुतली पर दो कार्यशालाएँ पटियाला, पंजाब में प्रायोजित कीं	10–22 / 06 / 2024
11.	एनजेडसीसी ने भाषा एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश और जिला प्रशासन शिमला के सहयोग से 'अंतर्राष्ट्रीय शिमला ग्रीष्मोत्सव–2024' के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन रिज मैदान, शिमला, हिमाचल प्रदेश में किया	15–18 / 06 / 2024
12.	एनजेडसीसी ने पंद्रह दिवसीय 'कश्मीर के संगीत वाद्ययंत्रों की ग्रीष्मकालीन कार्यशाला' का आयोजन श्रीनगर, यू.टी. जम्मू एवं कश्मीर में किया	15–30 / 06 / 2024
13.	एनजेडसीसी ने पंजाबी लोक नृत्य लुड्डी की पंद्रह दिवसीय 'ग्रीष्मकालीन कार्यशाला' का आयोजन संगरूर, पंजाब में किया	16–30 / 06 / 2024
14.	एनजेडसीसी ने 'दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग' विरसा विहार केंद्र, पटियाला, पंजाब और कलाग्राम, चंडीगढ़ में 'हर आंगन योग' टैगलाइन और 'वसुधैव कुटुंबकम के लिए योग' थीम पर मनाया	21 / 06 / 2024
15.	एनजेडसीसी ने भाषा एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश और जिला प्रशासन, सिरमौर के सहयोग से 'शूलिनी मेले' के दौरान भांगड़ा / जिंदुआ (पंजाब), फाग / घूमर (हरियाणा) जैसे लोक नृत्य सोलन, हिमाचल प्रदेश में प्रस्तुत किए	21–23 / 06 / 2024
16.	एनजेडसीसी ने जम्मू–कश्मीर कला, संस्कृति एवं भाषा अकादमी, श्रीनगर के सहयोग से 'भांड–ए–जशन लोक महोत्सव' का आयोजन वथुरा, जिला अनंतनाग, हुतमुल्ला, कुपवाड़ा और बडगाम, यू.टी. जम्मू एवं कश्मीर के विभिन्न स्थानों पर किया	25–29 / 06 / 2024
17.	एनजेडसीसी ने 'ग्रीष्मकालीन कार्यशालाओं' के दौरान आयोजित विभिन्न कार्यशालाओं में प्रशिक्षित स्कूली बच्चों के प्रदर्शन का आयोजन विरसा विहार केन्द्र, पटियाला, पंजाब में किया	28–30 / 06 / 2024
18.	एनजेडसीसी ने पंद्रह दिवसीय 'रूफ लोक नृत्य की ग्रीष्मकालीन कार्यशाला' का आयोजन श्रीनगर, यू.टी. जम्मू एवं कश्मीर में किया	01–15 / 07 / 2024
19.	एनजेडसीसी ने वन विभाग, हरियाणा के सहयोग से '75वें वन महोत्सव' के दौरान भांगड़ा / गिद्धा (पंजाब); फाग / घूमर (हरियाणा); और बरसाना की होली / मयूर नृत्य (उत्तर प्रदेश) जैसे लोक नृत्य करनाल, हरियाणा में प्रस्तुत किए	13 / 07 / 2024
20.	एनजेडसीसी ने पंद्रह दिवसीय 'हरियाणा के लोक एवं पारंपरिक नृत्यों की कार्यशाला' का आयोजन ग्लोबल पब्लिक स्कूल, गोहाना, सोनीपत, हरियाणा में किया	16–30 / 07 / 2024
21.	एनजेडसीसी ने टैगोर थिएटर, चंडीगढ़ में श्री कुलदीप राज शर्मा, अजनबी रंगकर्मी, चंडीगढ़ द्वारा निर्देशित नाटक 'बुल्ले शाह' को प्रायोजित किया	17 / 07 / 2024

	क्र. सं. कार्यक्रम	तिथि
22.	एनजेडसीसी ने टैगोर थिएटर, चंडीगढ़ में 'थिएटर फेस्टिवल' के दौरान रूपक कला एवं कल्याण सोसाइटी (पंजीकृत) मोहाली द्वारा आयोजित नाटक 'चुप किती' को प्रायोजित किया	24/07/2024
23.	एनजेडसीसी ने 'रागिनी गायन' का आयोजन गाँव निंदाना, रोहतक, हरियाणा में किया	28/07/2024
24.	एनजेडसीसी ने उत्तर प्रदेश ट्रांसजेंडर कल्याण बोर्ड द्वारा नगर परिषद सभागार, धौलपुर, राजस्थान में आयोजित 'ट्रांसजेंडर नृत्य संगीत एवं साहित्य महोत्सव–2024' के दौरान कलाकारों को प्रायोजित किया	30/07/2024
25.	एनजेडसीसी ने पंद्रह दिवसीय 'डोगरी नृत्य की ग्रीष्मकालीन कार्यशाला' का आयोजन स्टीफन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, मीरां साहिब, जम्मू, यू.टी. जम्मू एवं कश्मीर में किया	01–15/08/2024
26.	एनजेडसीसी ने पंद्रह दिवसीय 'भांड पाथेर की ग्रीष्मकालीन कार्यशाला' का आयोजन इचगाम, बडगाम, यू.टी. जम्मू एवं कश्मीर में किया	01–15/08/2024
27.	एनजेडसीसी ने संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'राज्यपालों के सम्मेलन' के दौरान राष्ट्रपति भवन, दिल्ली में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया	02/08/2024
28.	एनजेडसीसी ने कालिदास सभागार, विरसा विहार केन्द्र, पटियाला, पंजाब में सुखनवर रंग मंच, पटियाला के श्री जोगा सिंह द्वारा निर्देशित नाटक 'परिंदा' को प्रायोजित किया	04/08/2024
29.	एनजेडसीसी ने टैगोर थिएटर, चंडीगढ़ में ट्राइसिटी कल्चरल एसोसिएशन, ज़ीरकपुर द्वारा आयोजित महान संगीत उस्ताद श्री किशोर कुमार की 95वीं जयंती पर संगीतमय श्रद्धांजलि 'सुनहरी यादें 2024' के दौरान कलाकारों को प्रायोजित किया	04/08/2024
30.	एनजेडसीसी ने सरगम कला मंच, सोलन के सहयोग से पंद्रह दिवसीय 'हिमाचल प्रदेश के लोक वाद्य, वैदिक ताल और छंद संगीत की कार्यशाला' का आयोजन शूलिनी विश्वविद्यालय, सोलन, हिमाचल प्रदेश में किया	05–20/08/2024
31.	एनजेडसीसी ने टैगोर थिएटर चंडीगढ़ में श्री मुकेश शर्मा, संवाद थिएटर, चंडीगढ़ द्वारा निर्देशित नाटक 'फंदी' को प्रायोजित किया	06/08/2024
32.	एनजेडसीसी ने 'तीज महोत्सव' के अवसर पर हरियाणा राजभवन, चंडीगढ़ में लोक नृत्य – भांगड़ा/गिद्दा (पंजाब); मयूर/बरसाना की होली (उ.प्र.); भवाई (राजस्थान) की प्रस्तुति दी	07/08/2024
33.	एनजेडसीसी ने डेल्फ़िक काउंसिल ऑफ राजस्थान के सहयोग से 'सुर ताल' के दौरान प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक श्री सौरभ वशिष्ठ और प्रेम सिंह भंडारी एवं समूह के गजल गायन का जवाहर कला केंद्र, जयपुर, राजस्थान में आयोजन किया	07–08/08/2024
34.	एनजेडसीसी द्वारा पंजाब लोक नृत्य भांगड़ा को सांस्कृतिक कार्य, पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय, पंजाब द्वारा चंडीगढ़ में आयोजित दो दिवसीय 'भारतीय न्यायालयों में प्रौद्योगिकी के परिदृश्य और भविष्य की राह' विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान प्रायोजित किया गया	08/08/2024

	क्र. सं. कार्यक्रम	तिथि
35.	एनजेडसीसी ने विरासती साथ (पंजीकृत), ज़ीरकपुर के सहयोग से 'तियाँ दा मेला–2024' – 'पिंड वज़न मारदा' का आयोजन पंजाब के विभिन्न स्थानों – पटियाला, लुधियाना, संगरूर और मानसा में किया	10–18/08/2024
36.	एनजेडसीसी ने 'राज्य स्तरीय तीज महोत्सव' के अवसर पर लोक नृत्य – भांगड़ा/गिद्दा (पंजाब); मयूर/बरसाना की होली (उत्तर प्रदेश); और भवई (राजस्थान) संगरूर, पंजाब में प्रस्तुत किए	11/08/2024
37.	एनजेडसीसी ने '78वें स्वतंत्रता दिवस' समारोह के दौरान एक कोरियोग्राफ्ड सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन पंजाब राजभवन, चंडीगढ़ में किया	15/08/2024
38.	एनजेडसीसी ने ब्रह्माकुमारी राजयोग ध्यान केंद्र, ज्ञान महासरोवर, आसन–थिराना, पानीपत, हरियाणा द्वारा आयोजित 'आपकी बेटी हमारी बेटी किशोरी समान समारोह' के दौरान लोक नृत्य – घूमर/फाग (हरियाणा); भांगड़ा/गिद्धा (पंजाब) प्रस्तुत किए	16/08/2024
39.	एनजेडसीसी ने श्री बद्रीनाथ सेवा समिति, बहादुरगढ़ के सहयोग से 'जन्म अष्टमी' उत्सव के दौरान सुश्री गुरलीन कौर और समूह द्वारा भजन संध्या बहादुरगढ़, पटियाला, पंजाब में प्रस्तुत की	20/08/2024
40.	एनजेडसीसी ने ब्राह्मण सभा, नवांशहर के सहयोग से भगवान परशुराम के जन्म स्थान, ग्राम रक्सन, जिला एसबीएस नगर, पंजाब में पूनम दीदी बरसानेवाली द्वारा 'भजन संध्या' प्रस्तुत की	22/08/2024
41.	एनजेडसीसी ने श्री बनिंदरजीत सिंह, इम्पैक्ट आर्ट, मोहाली द्वारा निर्देशित नाटक 'हुन्न मैं सेट हां' पंजाब कला भवन, चंडीगढ़ में प्रायोजित किया	27/08/2024
42.	एनजेडसीसी ने 'गिद्धा/सम्मी की पंजाबी लोक नृत्य कार्यशाला' का आयोजन जवाहर नवोदय विद्यालय, लोंगोवाल, जिला संगरूर, पंजाब में किया	02–18/09/2024
43.	एनजेडसीसी ने भारतीय वायु सेना द्वारा आयोजित 'तरंग शक्ति–2024' के दौरान लोक नृत्य भांगड़ा/गिद्धा (पंजाब) वायुसेना स्टेशन, जोधपुर, राजस्थान में प्रस्तुत किया	07/09/2024
44.	एनजेडसीसी ने संस्कृति विभाग, यू.टी. लद्दाख के सहयोग से 'लद्दाख ज़ांस्कर महोत्सव' के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ सनी, ज़ांस्कर, यू.टी. लद्दाख में आयोजित कीं	13–14/09/2024
45.	एनजेडसीसी ने 'हिंदी दिवस–2024' के अवसर पर 'कवि सम्मेलन' और 'हिंदी भाषा पर एक सेमिनार' विरसा विहार केन्द्र, पटियाला में आयोजित किया	14/09/2024
46.	एनजेडसीसी ने सीसीआरटी, नई दिल्ली के सहयोग से वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक नाट्य श्रद्धांजलि, 'कुशल वीरांगना रानी दुर्गावती' का आयोजन कालिदास ऑडिटोरियम, विरसा विहार केन्द्र, पटियाला, पंजाब में किया	21/09/2024
47.	एनजेडसीसी ने 'शहीद भगत सिंह की जयंती' के उपलक्ष्य में गाथा गायन, ढाडी गायन और एक नाटक 'शहीद' का आयोजन कालिदास ऑडिटोरियम, विरसा विहार केन्द्र, पटियाला, पंजाब में किया	28–29/09/2024

	क्र. सं. कार्यक्रम	तिथि
48.	एनजेडसीसी ने 'शहीद भगत सिंह की जयंती' के अवसर पर सिरसा, हरियाणा में श्री करण लड्ढा द्वारा निर्देशित नाटक 'इंकलाब जिंदाबाद' के मंचन को प्रायोजित किया	28/09/2024
49.	एनजेडसीसी ने गाँव किशनपुर, बद्दी, हिमाचल प्रदेश में आयोजित 'सांस्कृतिक कार्यक्रम' के दौरान पंजाबी गायक श्री जमीर मियाँपुरी की प्रस्तुति को प्रायोजित किया	02/10/2024
50.	एनजेडसीसी ने वायु सेना स्टेशन, गुरुग्राम, हरियाणा में आयोजित 'सांस्कृतिक कार्यक्रम' के दौरान भपंग वादन कलाकारों को प्रायोजित किया	06/10/2024
51.	एनजेडसीसी ने शहीद–ए–वतन युवा संगठन (पंजीकृत) के सहयोग से महान शहीद 'शहीद उधम सिंह' की प्रतिमा स्थापना और जयंती समारोह के अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन फिरोजपुर, पंजाब में किया	08/10/2024
52.	एनजेडसीसी ने संस्कृति विभाग, उत्तराखंड के सहयोग से 'दुर्गा पूजा सांस्कृतिक महोत्सव' के नैनीताल, उत्तराखंड में आयोजन के दौरान लोक नृत्य – भांगड़ा/जिंदुआ (पंजाब); घूमर/फाग (हरियाणा) प्रस्तुत किए	09–11/10/2024
53.	एनजेडसीसी, पटियाला ने भाषा एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश और दुर्गा पूजा समिति, बिलासपुर के सहयोग से 'दुर्गा पूजा उत्सव–2024' के बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश में आयोजन के दौरान माता नंदा देवी यात्रा (उत्तराखंड); घूमर, फाग (हरियाणा); ढेडिया (उ.प्र.); गंगौर (म.प्र.); भांगड़ा/जिंदुआ (पंजाब) प्रस्तुत किए	10–11/10/2024
54.	एनजेडसीसी ने जोड़ियां भाट्टियां रॉयल यूथ क्लब, पटियाला के सहयोग से 'श्री राम लीला एवं दशहरा उत्सव' के जोड़िया भाट्टियां, पटियाला में आयोजन के दौरान सुश्री गुरलीन कौर एवं ग्रुप द्वारा भजन गायन प्रस्तुत किया	12/10/2024
55.	एनजेडसीसी ने 'अलाई बलाई दशहरा मिलन' के प्रदर्शनी मैदान, नामपल्ली, हैदराबाद, तेलंगाना में आयोजन के दौरान लोक नृत्य भांगड़ा/जिंदुआ (पंजाब); और घूमर/फाग (हरियाणा) प्रस्तुत किए	13/10/2024
56.	एनजेडसीसी ने भाषा एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश और जिला प्रशासन, कुल्लू के सहयोग से 'अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा महोत्सव 2024' के कुल्लू, हिमाचल प्रदेश में आयोजन के दौरान लोक नृत्य – भांगड़ा (पंजाब); घूमर/फाग (हरियाणा); चकरी (राजस्थान); जौनसारी (उत्तराखंड); और बिहू (असम) प्रस्तुत किए	13–15/10/2024
57.	एनजेडसीसी ने संस्कृति विभाग, उत्तराखंड और लड़ीधुरा एजुकेशनल एंड कल्चरल फोरम, बाराकोटा के सहयोग से 'लदीधुरा महोत्सव' के बाराकोट, चंपावत, उत्तराखंड में आयोजन के दौरान लोक नृत्यों के सांस्कृतिक कार्यक्रम – झमकाड़ा/गुजरी (हिमाचल प्रदेश) और डोगरी/पहाड़ी नृत्य (यूटी जम्मू–कश्मीर) प्रस्तुत किए	13–15/10/2024

	क्र. सं. कार्यक्रम	तिथि
58.	एनजेडसीसी ने मीरा समृति महोत्सव द्वारा 'मीरा बाई के 525वें जन्म महोत्सव–2024' के चित्तौड़गढ़, राजस्थान में आयोजन के दौरान मुंबई से भजन गायिका, सुश्री अमृता काले और समूह को प्रायोजित किया	16–17 / 10 / 2024
59.	एनजेडसीसी 'बाल्मीकि परगट दिवस' के धीरू नगर, पटियाला, पंजाब में आयोजन के दौरान पंजाबी लोक गायक श्री लाल चंद लाला और समूह की प्रस्तुति को प्रायोजित किया	18 / 10 / 2024
60.	एनजेडसीसी ने संस्कार भारती, जयपुर के सहयोग से जयपुर, राजस्थान में 'सांस्कृतिक कार्यक्रम' का आयोजन किया	18–20 / 10 / 2024
61.	एनजेडसीसी ने जवाहर कला केंद्र, जयपुर के सहयोग से राष्ट्रीय लोक नृत्य समारोह – 'लोक रंग' के जवाहर कला केंद्र, जयपुर, राजस्थान में आयोजन के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत कीं	18–28 / 10 / 2024
62.	एनजेडसीसी ने सेंट्रल बाल्मीकि सभा भारत द्वारा 'भगवान बाल्मीकि परगट दिवस' के फतेहगढ़ साहिब, पंजाब में आयोजन के दौरान श्री कंवर ग्रेवाल और समूह द्वारा सूफी / लोक गायन प्रस्तुत किया	22 / 10 / 2024
63.	एनजेडसीसी ने पर्यटन विभाग, यू.टी. चंडीगढ़ द्वारा आयोजित 'चंडीगढ़ कार्निवल' के सेक्टर 10, चंडीगढ़ में आयोजन के दौरान लोक नृत्य – डांडिया / गरबा (गुजरात); बिहू (असम); लम्बाडी (अ.प्र.); करगम कवाड़ी (तमिलनाडु) सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए	25–27 / 10 / 2024
64.	एनजेडसीसी ने 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, केवडिया, गुजरात में आयोजन के दौरान लोक नृत्य – भांगड़ा (पंजाब) घूमर (हरियाणा) और रूफ (यू.टी. जम्मू–कश्मीर) प्रस्तुत किए	31 / 10 / 2024
65.	एनजेडसीसी ने सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा के सहयोग से 'हरियाणा स्थापना दिवस–2024' के हरियाणा राजभवन, चंडीगढ़ में आयोजन के दौरान लोक / जनजातीय नृत्य – भांगड़ा / गिद्दा (पंजाब); कालबेलिया (राजस्थान) और गद्दियाली नाटी (हिमाचल प्रदेश) प्रस्तुत किए	04 / 11 / 2024
66.	एनजेडसीसी ने 'राशि चिन्ह' की थीम पर 'राष्ट्रीय मूर्तिकला (पत्थर और फाइबर) शिविर' का कलाग्राम, मनीमाजरा, चंडीगढ़ में आयोजन किया	04–26 / 11 / 2024
67.	एनजेडसीसी ने संस्कृति विभाग, उत्तराखंड और संस्कार संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण समिति, नयालखोला के सहयोग से 'जय गोल्जु महोत्सव–2024' के नयालखोला, अल्मोड़ा, उत्तराखंड में आयोजन के दौरान लोक नृत्य – घूमर / फाग / खोडिया / शिव स्तुति (हरियाणा), डांडिया / गरबा (गुजरात); भवई, बहरूपिया (राजस्थान) सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए	05–08 / 11 / 2024
68.	एनजेडसीसी ने कला कृति, पटियाला द्वारा 'राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव' के कालिदास सभागार, विरसा विहार केन्द्र, पटियाला में आयोजन के दौरान नाटकों को प्रायोजित किया	07–13 / 11 / 2024
69.	एनजेडसीसी ने आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा चंडी मंदिर छावनी, पंचकूला, हरियाणा में आयोजित 'साहित्यिक महोत्सव' के दौरान नृत्य–निर्देशित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया	10 / 11 / 2024

	क्र. सं. कार्यक्रम	तिथि
70.	एनजेडसीसी ने भाषा एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश और जिला प्रशासन, शिमला के सहयोग से अंतरराज्यीय 'लवी मेले' के रामपुर बुशहर, जिला शिमला, हिमाचल प्रदेश में आयोजन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम – कच्ची घोड़ी / कालबेलिया / बहरूपिया (राजस्थान) प्रस्तुत किए	4 / 11 / 2024
71.	एनजेडसीसी ने भाषा एवं कला विभाग, हिमाचल प्रदेश के सहयोग से 'श्री रेणुका मेला' के सिरमौर, हिमाचल प्रदेश में आयोजन के दौरान लोक / जनजातीय नृत्यों – भांगड़ा / जिंदुआ (पंजाब); घूमर (हरियाणा); रांसो टांडी / नंदा राज जात (उत्तराखंड); और कालबेलिया (राजस्थान) प्रस्तुत किए	1–15 / 11 / 2024
72.	एनजेडसीसी, पटियाला ने 'कपालमोचन मेला' के यमुनानगर, हरियाणा में आयोजन के दौरान पंजाब के लोक नृत्य – भांगड़ा / जिंदुआ प्रस्तुत किए	14 / 11 / 2024
73.	एनजेडसीसी ने नाट्यम, बठिंडा द्वारा बठिंडा, पंजाब में आयोजित '13वें नाट्यम राष्ट्रीय रंगमंच महोत्सव' के दौरान देश के विभिन्न राज्यों से पांच नाटकों को प्रायोजित किया	14–28 / 11 / 2024
74.	एनजेडसीसी ने 'भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि' कार्यक्रम के दौरान संसद भवन परिसर, नई दिल्ली में जनजातीय नृत्य प्रस्तुत किए	15 / 11 / 2024
75.	एनजेडसीसी ने कैवल्य फाउंडेशन, पटियाला के सहयोग से 'स्वरांजलि' कार्यक्रम के दौरान पुणे के श्री तन्मय देवचके द्वारा हारमोनियम वादन का कालिदास सभागार, विरसा विहार केन्द्र, पटियाला, पंजाब में आयोजन किया	16 / 11 / 2024
76.	एनजेडसीसी ने 'अंतरराज्यीय लोक सांस्कृतिक उत्सव' के बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश में आयोजन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए	17–20 / 11 / 2024
77.	एनजेडसीसी ने पंजाब लोक कला केंद्र, गुरदासपुर के सहयोग से 'लोक उत्सव गुरदासपुर' के गुरदासपुर, पंजाब में आयोजन के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित कीं	19–23 / 11 / 2024
78.	एनजेडसीसी ने भारतीय कला केंद्र, अमृतसर के सहयोग से अमृतसर, पंजाब में आयोजित 'सांस्कृतिक महोत्सव' के दौरान लोक नृत्यों – भांगड़ा (पंजाब); घूमर (हरियाणा); रूफ (यू.टी. जम्मू और कश्मीर); मेवासी (गुजरात); भपंग वादन (राजस्थान) और सुश्री ग्लोरी बावा द्वारा पंजाबी लोक गायन प्रस्तुत किया	19–20 / 11 / 2024
79.	एनजेडसीसी ने 'संस्कार भारती वार्षिक महोत्सव' के टैगोर थिएटर, चंडीगढ़ में आयोजन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए	20–24 / 11 / 2024
80.	एनजेडसीसी ने भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग, प्रधान लेखा निदेशक (केंद्रीय), चंडीगढ़ द्वारा आयोजित 'लेखा परीक्षा सप्ताह / लेखा परीक्षा दिवस समारोह' के दौरान पटियाला से ग़ज़ल गायिका सुश्री गुरलीन कौर एवं उनके समूह को प्रायोजित किया	26 / 11 / 2024
81.	एनजेडसीसी नेसुमधुर हंसधवानी ट्रस्ट, फरीदाबाद के सहयोग से डीपीएस, फरीदाबाद, हरियाणा में 'परंपराओं का एक संगीतः शास्त्रीय, भक्ति और लोक संगीत' का आयोजन किया	30 / 11 / 2024

	क्र. सं. कार्यक्रम	तिथि
82.	एनजेडसीसी ने संस्कार भारती, पंचकूला के सहयोग से 'सांस्कृतिक कार्यक्रम' का आयोजन सेंट विवेकानंद मिलेनियम स्कूल, पिंजौर, हरियाणा में किया	11/12/2024
83.	एनजेडसीसी ने भाषा एवं कला विभाग, हिमाचल प्रदेश के सहयोग से 'हिमालयी महोत्सव' के दौरान मैकलोडगंज, धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश में लोक नृत्यों – घूमर/फाग/खोड़िया (हरियाणा) और भांगड़ा/जिंदुआ (पंजाब) के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया	10–11/12/2024
84.	एनजेडसीसी ने संभारये फाउंडेशन द्वारा फ़रीदाबाद, हरियाणा में आयोजित 'सांस्कृतिक कार्यक्रम' के दौरान कला रूपों बीन जोगी, रागिनी और घूमर (हरियाणा) की प्रस्तुति दी	13–15/12/2024
85.	एनजेडसीसी ने प्रिंसिपल नंद लाल चौरिटेबल ट्रस्ट, अंबाला कैंट के सहयोग से अंबाला कैंट, हरियाणा में श्री मानक अली, पंजाबी लोक/सूफी गायन के 'सांस्कृतिक कार्यक्रम' का आयोजन किया	15/12/2024
86.	एनजेडसीसी ने जिला प्रशासन, पाली द्वारा रणकपुर, पाली, राजस्थान में आयोजित 'रणकपुर जवाई बांध महोत्सव –2024' के दौरान लोक नृत्य – भांगड़ा/जिंदुआ (पंजाब); घूमर/फाग, बीन–जोगी (हरियाणा); और छपेली (उत्तराखंड) प्रस्तुत किए	21/12/2024
87.	एनजेडसीसी ने अंतर्राष्ट्रीय ध्रुवपद धाम ट्रस्ट, जयपुर द्वारा जयपुर, राजस्थान में आयोजित '30वें अखिल भारतीय ध्रुवपद नाद निनाद विरासत समारोह' के दौरान प्रस्तुति के लिए पखावज वादक, पं. दल चंद शर्मा की प्रस्तुति को प्रायोजित किया	24/12/2024
88.	एनजेडसीसी ने 'रागमाला' विषय पर 'लघु चित्रकला शिविर' का आयोजन कलाग्राम, मनीमाजरा, चंडीगढ़ में किया	01–12/01/2025
89.	एनजेडसीसी ने जिला प्रशासन, बीकानेर और पर्यटन विभाग द्वारा बीकानेर, राजस्थान में आयोजित 'ऊँट महोत्सव' के दौरान लोक नृत्य – भांगड़ा/जिंदुआ (पंजाब); घूमर/फाग (हरियाणा) प्रस्तुत किए	11–12/01/2025
90.	एनजेडसीसी ने स्वागत फाउंडेशन जयपुर द्वारा जवाहर कला केंद्र, जयपुर, राजस्थान में आयोजित '43वें गुणीजन संगीत समारोह' के दौरान ध्रुवपद वादक पद्मश्री एफ. वसीफुद्दीन डागर की प्रस्तुति को प्रायोजित किया	11/01/2024
91.	एनजेडसीसी ने माननीय खान एवं कोयला मंत्री, भारत सरकार के आधिकारिक आवास पर आयोजित 'संक्रांति समारोह' के दौरान लोक गायकों, हरिदासु गायकों, तम्बूरा, गंगीरेद्दू, दप्पू ढोल वादकों, कोलाटम नृत्य, बथुक्कम नृत्य और पारंपरिक रंगोली कलाकारों सहित तेलुगु संस्कृति के समृद्ध लोकाचार और परंपराओं को दर्शाते हुए सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत कीं	13/01/2025
92.	एनजेडसीसी ने माननीय केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री के नई दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर आयोजित 'मकर संक्रांति समारोह' के दौरान लोक नृत्य – कालबेलिया, चरी, कच्ची घोड़ी (राजस्थान) प्रस्तुत किए	14/01/2025

	क्र. सं. कार्यक्रम	तिथि
93.	एनजेडसीसी ने चंडीगढ़ तमिल संगम द्वारा भारती भवन, चंडीगढ़ में आयोजित 'थाई महोत्सव' (फसल उत्सव) के दौरान तमिलनाडु के लोक कला समूहों – करगम कावड़ी और शास्त्रीय नाथस्वरा के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए	17–19/01/2025
94.	एनजेडसीसी ने भाषा एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश और जिला प्रशासन, कुल्लू के सहयोग से मनाली, हिमाचल प्रदेश में '13वें राष्ट्रीय शीतकालीन कार्निवल' के दौरान लोक नृत्य – भांगड़ा (पंजाब); थाड़िया चौफला/गसियारी (उत्तराखंड); फाग/पनिहारी (हरियाणा); डोगरी/पहाड़ी नृत्य (यू.टी. जम्मू एवं कश्मीर) प्रस्तुत किए	20–24/01/2025
95.	एनजेडसीसी ने पंजाब राजभवन, चंडीगढ़ में '76वें गणतंत्र दिवस' के उपलक्ष्य में एक कोरियोग्राफ्ड सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया	26/01/2025
96.	एनजेडसीसी ने भाषा एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश के सहयोग से ऊना, हिमाचल प्रदेश में 'गणतंत्र दिवस–2025' समारोह के उपलक्ष्य में लोक नृत्य छपेली (उत्तराखंड) प्रस्तुत किया	26/01/2025
97.	एनजेडसीसी ने भाषा एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश के सहयोग से शिमला, हिमाचल प्रदेश में 'गणतंत्र दिवस–2025' के उपलक्ष्य में लोक नृत्य चकरी (राजस्थान) और घसियारी (उत्तराखंड) प्रस्तुत किए	26/01/2025
98.	एनजेडसीसी ने जम्मू और कश्मीर डोगरा सभा, चंडीगढ़ के सहयोग से कलाग्राम, मनीमाजरा, चंडीगढ़ में 'बसंत पंचमी–2025' के उपलक्ष्य में डोगरी लोक गायन और नृत्य के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया	02/02/2025
99.	एनजेडसीसी ने धर्म पुत्र कला मंच, गोहाना, हरियाणा के सहयोग से बीपीएसएमवी, खानपुर कलां, सोनीपत, हरियाणा में 'लोक कला उत्सव–2025' के दौरान लोक नृत्यों – डोगरी (यूटी जम्मू–कश्मीर); भांगड़ा/जिंदुआ (पंजाब); लावनी (महाराष्ट्र); सिरमौरी नाटी (हि.प्र.); और मयूर/बरसाना की होली (यूपी) की सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित कीं	06–08/02/2025
100.	एनजेडसीसी ने सांस्कृतिक कार्य विभाग, यू.टी. चंडीगढ़ और पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के सहयोग से पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ में आयोजित '14वें पंजाब विश्वविद्यालय रोज़ फेस्टिवल' के दौरान बीन जोगी (हरियाणा); कच्ची घोड़ी (राजस्थान); नच्चार (पंजाब) के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया	07–09/02/2025
101.	एनजेडसीसी ने जिला प्रशासन, जैसलमेर द्वारा जैसलमेर, राजस्थान में आयोजित 'मरु महोत्सव–2025' के दौरान लोक नृत्य डोगरी (यू.टी. जम्मू एवं कश्मीर); और सिरमौरी नाटी (हिमाचल प्रदेश) प्रस्तुत किए	10–11/02/2025
102.	एनजेडसीसी ने पंचम वेद क्रिएशन्स चौरिटेबल ट्रस्ट, देहरादून, उत्तराखंड द्वारा 'आचार्य भरत मुनि जयंती समारोह' के अवसर पर शंकरवर्णम ऑडिटोरियम, देहरादून, उत्तराखंड में दो नाटकों 'भगवदज्जुकम' और 'द बेयर' के मंचन को प्रायोजित किया	15–16/02/2025
103.	एनजेडसीसी ने नगर निगम, चंडीगढ़ के सहयोग से '53वें रोज़ फेस्टिवल' के दौरान रोज़ गार्डन, सेक्टर 16, चंडीगढ़ में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए	21–23/02/2025

	क्र. सं. कार्यक्रम	तिथि
104.	एनजेडसीसी ने पर्यटन विभाग, चंडीगढ़ के सहयोग से '53वें रोज़ फेस्टिवल' के दौरान ओपन ग्राउंड, सामने सरकारी कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड म्यूजियम, सेक्टर 10, चंडीगढ़ में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए	21–23 / 02 / 2025
105.	एनजेडसीसी ने राजस्थान के चूरू में जिला प्रशासन, चूरू द्वारा आयोजित 'चूरू महोत्सव–2025' के दौरान लोक कला रूप नगाड़ा (हरियाणा) प्रस्तुत किया 106. एनजेडसीसी ने उदयपुर, राजस्थान में भारतीय लोक कला मंडल, उदयपुर द्वारा आयोजित 'लोकानुरंजन मेला' के दौरान जनजातीय नृत्य गोजरी (यूटी जम्मू एवं कश्मीर) और किन्नौरी नाटी (हिमाचल प्रदेश) प्रस्तुत किए	22–24 / 02 / 2025
